ECONOMICS (OPTIONAL) — PAPER II

UPSC Civil Services (Main) Examination, 2015

अर्थशास्त्र (वैकल्पिक) — प्रश्न पत्र II

Time allowed: Three hours **Maximum marks: 250**

The questions of this paper in English and Hindi, grouped by marks (the printed paper numbers them Q1 to Q8; candidates answer five, with Q1 and Q5 compulsory). Read them with model answers and notes at swaadhigam.com/pyq/optional/economics/paper-2/2015.

10-MARK QUESTIONS

10 questions

1. How did railways contribute to India's economic development in the pre-independence era? **10**

स्वतंत्रता से पूर्व के काल में रेलवे ने भारत के आर्थिक विकास में किस प्रकार योगदान दिया था ?

2. Why did the socialist order fail and the country had to resort to the market economy system? Give reasons. **10**

समाजवादी व्यवस्था क्यों विफल हो गई और देश को बाज़ार अर्थव्यवस्था प्रणाली को क्यों अपनाना पड़ा ? कारण बताइए ।

3. What was the impact of policy reservation in favour of small scale industries in India during the post-independence but pre-liberalisation era? **10**

भारत में स्वतंत्रता-पश्च परंतु उदारीकरण-पूर्व काल के दौरान, लघु उद्योगों के पक्ष में नीतिगत आरक्षण का क्या प्रभाव रहा था ?

4. What specific trade policies during the British period led to the decline of Indian industry? Explain. **10**

ब्रिटिश काल के दौरान, कौन-सी विशिष्ट व्यापार नीतियों के फलस्वरूप भारतीय उद्योग की अवनति हुई थी ? स्पष्ट कीजिए ।

5. Do you think that full convertibility of rupee on capital account will help in accelerating India's economic growth? Give reasons. **10**

क्या आपके विचार में, रुपए की पूँजी खाते पर पूर्ण परिवर्तनीयता, भारत की आर्थिक संवृद्धि में तेज़ी लाने में मददगार होगी? कारण बताइए ।

6. What are the broad features of the proposed GST Model? **10**

प्रस्तावित जी.एस.टी. मॉडल के व्यापक अभिलक्षण क्या हैं ?

7. 'Financial inclusion is one of the most essential components of inclusive growth.' Comment. **10**

'वित्तीय समावेशन, समावेशी संवृद्धि के सर्वाधिक आवश्यक घटकों में से एक है।' टिप्पणी कीजिए ।

8. Discuss the recent initiatives for augmenting power generation in India. **10**

भारत में बिजली उत्पादन के संवर्धन के लिए हाल की कुछ पहलों पर चर्चा कीजिए।

9. What are the major factors behind accumulation of non-performing assets in the Indian banking sector in recent years? Discuss. **10**

हाल के वर्षों में, भारतीय बैंकिंग क्षेत्रक में गैर-निष्पादक परिसंपत्तियों (नॉन-परफौर्मिंग असैट्स) के संचयन के पीछे कौन-से प्रमुख कारक हैं? चर्चा कीजिए ।

10. Highlight the basic features of National Food Security Act (NFSA), 2013. Can it solve the problem of malnutrition in the country? Discuss. **10**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एन.एफ.एस.ए.), 2013 के आधारिक अभिलक्षणों पर प्रकाश डालिए । क्या यह देश में कुपोषण की समस्या का समाधान निकाल सकता है ? चर्चा कीजिए ।

15-MARK QUESTIONS

12 questions

11. Do you think that pursuit of wage-goods model could have been more appropriate for post-independence strategy of development ? Give reasons. **15**

क्या आपके विचार में, स्वतंत्रता-पश्च विकास की रणनीति के लिए, मज़दूरी-माल मॉडल का अनुसरण अधिक उपयुक्त रहता ? कारण प्रस्तुत कीजिए ।

12. During the British Rule, India was rooted with seeds of modernisation, but the country remained underdeveloped. Discuss. **15**

ब्रिटिश शासन के दौरान, आधुनिकीकरण के बीज तो बो दिए गए थे, परंतु देश अल्पविकसित ही बना रहा था। चर्चा कीजिए ।

13. The 'dichotomy of development' in India emerged owing to 'governance deficit' and 'crony capitalism'. Examine. **15**

भारत में 'विकास का द्विभाजन' उत्पन्न होने के कारण थे 'शासन न्यूनता' और 'मित्र-हितैषी पूँजीवाद' (क्रोनी कैपिटेलिज़्म) । परीक्षण कीजिए ।

14. What is your opinion on the view that the economic reform process has largely bypassed agriculture? **15**

इस विचार पर आपका क्या मत है कि आर्थिक सुधार प्रक्रम अधिकांशतः कृषि को पीछे छोड़ कर उपमार्ग से आगे निकल गया है ?

15. High Minimum Support Prices (MSP) induce distortions, some of which ultimately hurt the poor. Examine its merits and demerits. **15**

उच्च 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (एम.एस.पी.) विकृतियाँ उत्पन्न कर देते हैं, जिनमें से कुछ अंततः गरीबों को नुकसान पहुँचाते हैं। इनके गुण-दोषों का परीक्षण कीजिए ।

16. Agro-based industries, especially food-processing units, can alter the fate of rural India. Discuss. **15**

कृषि आधारित उद्योग, विशेषकर खाद्य प्रसंस्करण यूनिटें, ग्रामीण भारत के भाग्य को बदल सकती हैं। चर्चा कीजिए।

17. What are the different types of agricultural subsidies that are given to the farmers in India? How can these be rationalised? **15**

भारत में किसानों को दी जा रही कृषि-सहायिकियों (सब्सिडी) के विभिन्न प्रकार क्या-क्या हैं ? इनको किस प्रकार सुव्यवस्थित किया जा सकता है ?

18. Market economy excludes poor from the consumer as well as employment market. Discuss how one can safeguard the interests of population below poverty line. **15**

बाज़ार अर्थव्यवस्था निर्धन को उपभोक्ता और साथ ही साथ रोज़गार बाज़ार से बहिष्कृत कर देती है। चर्चा कीजिए कि किस प्रकार निर्धनता रेखा से नीचे की जनसंख्या के हितों को सुरक्षित किया जा सकता है ।

19. There is a need for an 'apex agency' to monitor and to regulate the entry and functioning of transnational corporations in the context of India's broader national interest. Give arguments in support of your answer. **15**

भारत के व्यापक राष्ट्रीय हित के संदर्भ में, बहुराष्ट्रीय कॉरपोरेशनों के प्रवेश और कार्य संचालन का अनुश्रवण और विनियमन करने के लिए एक 'शिखर अभिकरण' की आवश्यकता है। अपने उत्तर के समर्थन में तर्क पेश कीजिए।

20. Non-banking financial institutions need to be effectively regulated and monitored in India. Can you suggest some measures in this direction? **15**

आवश्यकता है कि गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं को भारत में प्रभावी ढंग से विनियमित किया जाए और अनुवीक्षित किया जाए। क्या आप इस दिशा में कुछ सुझाव पेश कर सकते हैं ?

21. Explain the recent policy initiatives for enhancing crude oil and natural gas production in India. **15**

भारत में अपरिष्कृत तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादन में वृद्धि करने के लिए हाल की नीतिगत पहलों को स्पष्ट कीजिए।

22. What are the main components of the National Manufacturing Policy, 2014? Discuss. **15**

राष्ट्रीय विनिर्माण नीति, 2014 के प्रमुख घटक क्या हैं? चर्चा कीजिए।

20-MARK QUESTIONS

6 questions

23. How does population growth affect economic development of a country? Can the age structure of population alter the pattern of development in a country? Examine in the light of the Indian experience. **20**

जनसंख्या संवृद्धि किसी देश के आर्थिक विकास को किस प्रकार प्रभावित करती है ? क्या जनसंख्या की आयु संरचना, किसी देश में विकास के प्रतिरूप (पैटर्न) को बदल सकती है ? भारतीय अनुभव के प्रकाश में परीक्षण कीजिए ।

24. Explain the major factors that affected the growth rate of the economy in post-independence India till 1991. **20**

स्वातंत्र्योत्तर भारत में 1991 तक अर्थव्यवस्था की संवृद्धि दर को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों को स्पष्ट कीजिए ।

25. It is often said that the prime generator of economic growth in India in the post-liberalisation period has been the service sector. Do you agree with this view? What has been its implication on the balance of payments in India? **20**

अक्सर यह कहा जाता है कि भारत में उदारीकरणोत्तर अवधि में आर्थिक संवृद्धि का प्रधान उत्पादक सेवा क्षेत्रक रहा है। क्या आप इस विचार से सहमत है ? भारत में अदायगी-संतुलन पर इसका क्या निहितार्थ रहा है ?

26. Rural poverty continues to be a chronic problem in India, which cannot be taken care of by anti-poverty programmes but by creation of permanent productive assets. Discuss. **20**

भारत में ग्रामीण निर्धनता एक चिरकालिक समस्या बनी हुई है, जिसको स्थायी उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण के अलावा, निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के द्वारा नहीं निपटाया जा सकता है। चर्चा कीजिए।

27. In the context of the information technology revolution, Digital India Programme, is a significant instrument of administrative reforms. Do you agree? **20**

सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति के संदर्भ में, 'अंकीय भारत कार्यक्रम' (डिजिटल इंडिया प्रोग्राम) प्रशासनिक सुधारों का एक महत्त्वपूर्ण उपकरण है। क्या आप सहमत हैं ?

28. What are the major recommendations of the Fourteenth Finance Commission? **20**

चौदहवें वित्त आयोग की प्रमुख सिफारिशें क्या हैं?